पत्रांकः- A.P-2,47/2025..... 10426(71)

बिहार सरकार,

भवन निर्माण विभाग।

प्रेषक,

ई0 सुरेश प्रसाद प्रभाकर,
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन प्रमंडल/विद्युत भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः-.....03/11/26..

विषयः- **विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप के अवसरों की उपलब्धता एवं नोडल पदाधिकारी को नामित करने के संबंध में।**

प्रसंगः- विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक- 6400 दिनांक-07.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक एवं विषयांकित पत्र के संबंध में सूचित करना है कि राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों में अध्यनरत् छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप प्रशासी विभाग के द्वारा प्रदान किया जाना है। इस संबंध में विभागीय इंटर्नशिप पोर्टल पर नोडल पदाधिकारी के द्वारा पंजिकरण करने के उपरान्त विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप हेतु विभिन्न प्रमंडलों/विद्युत प्रमंडलों में इंटर्नशिप प्रशिक्षण हेतु दिनांक- 03.11.2026 से 30.11.2026 तक प्रतिनियुक्त किया गया है, जिसकी रिपोर्टिंग तिथि दिनांक- 03.11.2026 है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि उक्त इंटर्नशिप छात्र-छात्राओं का अपने भवन प्रमंडलों के अंतर्गत विभिनन कार्यस्थलों पर प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0:- यथोक्त।

विश्वासभाजन,

03.11.26

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव।

बिहार सरकार

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

ज्ञापांक विप्रावैधिकी एवं तकनीकी शि॰ प्रशिक्षण-02/ 2024 6400 /पटना, दिनांक- 07·10·2026

प्रेषक,

हिमांशु शर्मा, भा.प्र.से.
सचिव।

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, बिहार

महाप्रबंधक/प्रबंध निदेशक/निदेशक/अध्यक्ष

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड/बिहार स्टेट हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड/बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड/बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा)/आधारभूत संरचना विकास प्राधिकरण (आईडीए)/बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड/बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड/बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड/भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड/बिहार शरीफ बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (BUIDCO)/बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी लिमिटेड/मुजफ्फरपुर स्मार्ट लिमिटेड/पटना मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड/पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड/बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड/बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड/बिहार राज्य शैक्षिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड/बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड/बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड/बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड/बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ (COMFED)/बिहार राज्य ग्रामीण एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड।

विषयः- **विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप के अवसरों की उपलब्धता के संबंध में।**

प्रसंग- विभागीय सकलय संख्या- 721, दिनांक-16.02.2024

महाशय,

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के सातवें सेमेस्टर के सभी इच्छुक छात्र/छात्राओं को राज्य सरकार की संचालित परियोजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर चार सप्ताह का इंटर्नशिप मौलिक रूप से प्रदान किया जाना है।

2. इस हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल internship.bihar.gov.in विकसित किया गया है जिसमें राज्य सरकार के विभिन्न विभाग, निगम, बोर्ड एवं सोसाईटी इत्यादि द्वारा नामित किए गए नोडल पदाधिकारी नामित कर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को जिलावार चल रहे परियोजनाओं में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

द्वारा इंटर्नशिप करने वाले सभी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रति छात्र रु० 10,000/- (दस हजार रुपया मात्र) की राशि परियोजना प्रतिवेदन समर्पित करने एवं संबंधित संस्थान द्वारा इसके मूल्यांकन के पश्चात ऑनलाईन हस्तांतरित की जाएगी। बिहार सरकार के विभागों/निगमों/बोर्ड एवं सोसाईटी इत्यादि द्वारा संचालित योजनाओं एवं इससे संबंधित स्थल पर सीधे कार्यालय के स्तर पर छात्र/छात्राओं को सम्बद्ध किए जाने से उनके ज्ञान एवं कौशल का विकास होगा, जिससे राज्य में एक दक्ष एवं कुशल मानव बल तैयार किया जा सकेगा। इस शैक्षणिक सत्र में उक्त छात्र-छात्राओं को दिनांक 19 अक्टूबर 2026 से 14 नवम्बर 2026 तक इंटर्नशिप की जानी है।

3 अतः अनुरोध है कि विभाग/निगम/बोर्ड/सोसाईटी द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं में अधिकतम संख्या में छात्र/छात्राओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने की कृपा की जाय तथा पोर्टल पर अपेक्षित विवरण दिनांक 9 अक्टूबर 2026 से पहले अंकित करने की कार्रवाई भी की जाए ताकि छात्रों को इस योजना का लाभ दिया जा सके। सभी नोडल पदाधिकारियों को पोर्टल पर लॉगिन कर इंटर्नशिप से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने हेतु भी निदेशित करने की कृपा की जाये।

विश्वरंजन
7/10/26
(हिमांशु शर्मा)
सचिव।

ज्ञापांक- वि०प्रा० एवं त०शि० (vi) प्रशिक्षण -02/2024 -6400 /पटना, दिनांक-07-10-2026

प्रतिलिपि- कुलपति, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय/ निदेशक/ संयुक्त निदेशक (प्र०)/सहायक निदेशक (क०)/ आई०टी० मैनेजर, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बिहार।

7/10/26
सचिव।

All Department/Organization/Corporation/Society

S. No	Company Name	Industry	Company Email	Mobile	Address	Nodal Officer	Nodal Officer Email	Nodal Officer Phone No.
1	Bihar State Power Generation Company Limited	Power Sector	[illegible]	77638 15871	5th Floor, Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna	Shishpal Prasad	[illegible]	776381387 1
2	BIHAR STATE MILK COOPERATIVE FEDERATION LTD	DAIRY SECTOR	[illegible]	84731 99950	BIHAR STATE MILK COOPERATIVE FEDERATION LTD, COMFED DAIRY DEVELOPMENT COMPLEX, B.V. COLLEGE, PATNA 800014, BIHAR	RAJWARDHAN ANAND	[illegible]	947319893 0
3	North Bihar Power Distribution Company Limited	Power Distribution	[illegible]	77638 15065	3rd Floor, Vidyut Bhawan, Nehru Path, Patna-01	Anupam Kumar	anupam.bsebpt hotmail.com	736880023 7
4	Water Resources Department	Government of Bihar	[illegible]	74539 89169	Sinchai Bhawan, Old Secretariat, Patna-15	KUNAL	[illegible]	746388916 9
5	Rural Works Department	Rural Works Department	[illegible]	98528 00630	BRRDA BHAWAN Harding Road, Kranti Marg Near Rajbhawan Opposite BSSC Office PATNA 800015	Sanjeev Kumar	[illegible]	898691524 1
6	Department of Revenue and Land Reforms	Government Department	[illegible]	90316 70948	Old Secretariat , Patna - 800015	Anupam Prakash	[illegible]	997104656 0
7	PATNA SMART CITY LIMITED	PSU	[illegible]	61222 19180	Patna Smart City Ltd. 4th floor,ICCC Building, SSP office Campus, North Ganchi Maidan, Patna 800001	PRIYA SAURABH	[illegible]	827046087 5
8	Public Health Engineering Department	Bihar Govt Department	[illegible]	97989 46158	Vishveshwariya Bhawan Campus, Bailey Rd, Rajbansi Nagar, Patna, Bihar 800015	Rajeev Kumar	[illegible]	979894615 8
9	BIHAR STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD PATNA	TOURISM	[illegible]	85444 01094	SIKH HERITAGE BHAWAN, DAROGA PRASAD RAI PATH, PATNA 800001	CHANDAN CHAUHAN GM BSTDC	[illegible]	854440109 4
10	BSPTCL	BSPTCL	[illegible]	77638 17702	Vidyut bhawan 4th floor bailey road patna Bihar	PANKAJ KUMAR	[illegible]	776381770 2
11	Bhagalpur Smart City Limited	PSU	[illegible]	92626 99938	4th Floor, Bhagalpur Smart City Limited, ICCC Building, Inside Police Line campus, 812001	T R Prashant	[illegible]	926269593 8
12	SBPDCL	Power Distribution Company	[illegible]	97098 91721	2nd Floor, SBPDCL Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna, Pin Code- 800001	Muraree Kumar	[illegible]	970984172 1
13	Bihar State Road Development Corporation Limited	Road Construction	[illegible]	61222 26711	RCD Central Mechanical Workshop Campus, Near Patna Airport, Sheikhpura, Patna- 800014	Chitrasen Kumar	[illegible]	947340031 7
14	BIHAR INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY	INDUSTRIAL AREA DEVELOMENT AUTHORITY	[illegible]	72800 04800	1st Floor Udyog Bhawan East Ganchi Maidan ,Patna	MANISH KUMAR	[illegible]	700807931 3
15	Bihar State Electronics Development Corporation Limited	Information Technology	[illegible]	80842 41511	Beltron Bhawan, Shastri Nagar, Patna - 800023	Sudhir Kumar	[illegible]	898424151 1
16	Building construction department	Building construction department	[illegible]	88829 98545	Building construction department Vishveshwariya bhawan, patna, bihar	Kumar aditya	[illegible]	888296854 5
17	BIHAR RAJYA PUL NIRMAN NIGAM LIMITED	BRIDGE CONSTRCUTION	[illegible]	87539 62616	7, SARDAR PATEL MARG PATNA	SRI OM PRAKASH	[illegible]	919386267 6
18	Bihar Fire Service	Government	[illegible]	74539 15111	Director cum State Fire Officer, Budh Marg Exit gate, Bihar, patna 800001	Vishal Sharma	[illegible]	748581511 1

S. No	Company Name	Industry	Company Email	Mobile	Address	Nodal Officer	Nodal Officer Email	Nodal Officer Phone No.
19	Bihar State Building Construction Corporation Limited	Government Sector	[illegible]	92644 [illegible]	[illegible]	Sudhir Shekhar	[illegible]	92644[illegible]
20	Minor water resource department	MWRD	Se.pe-bih@gov.in	70613 22678	Minor water resource department	Dhruv Narayan	Se.pe-bih@gov.in	70613 22678
21	Water and Land Management Institute - Walmi	Water resources Department	walmiwrd@gmail.com	61224 52284	Water and Land Management Institute Walmi INSTITUTE BUILDING, WALMI COMPLEX AIIMS PHULWARI SHARIF ROAD PATNA -801505	Nandan Kumar	walmiwrd@gmail.com	8877702[illegible] 2
22	Social Welfare Department, Government of Bihar	Government of Bihar	marganisinha@gmail.com	06122 17244	Social Welfare Department, Government of Bihar, Bihar, Patna	Margani Sinha	marganisinha@gmail.com	620257379 5
23	Bihar Police Building Construction Corporation	Construction	se12bpbcc@gmail.com	94710 06801	Bihar Police Building Construction Corporation, Kautilya Nagar, B S A P-5, Hawai Adda Thana, Patna- 800014.	Shailendra Kumar Sinha	sk.sinha2605@gmail.com	945659657 6
24	Information and Public Relations Department	IPRD	lbsingh1978@gmail.com	91996 56255	Soochna Bhawan, Nehru Marg, Patna	Lal Babu Singh	lbsingh1978@gmail.com	919965825 5
25	Planning and Development Department	Government	siwanint@gmail.com	99319 43162	O/o Secretariat, Bailey Road Patna-15	Nurul Haque Siwani	siwanint@gmail.com	993194316 2
26	Department of Industries	Department of Industries	startup-bihar@gov.in	78380 55292	2nd Floor, Department of Industries, Vikas Bhawan, Bailey Road, Patna	Prasant Chaurasiya	startup-bihar@gov.in	783805529 2
27	Mines and Geology Department	Mining	beharmines@gmail.com	61222 15857	Mines and Geology Department, Patna	Sri Piyush Kumar Singh	beharmines@gmail.com	953402964 2
28	Department of Agriculture	Agriculture	sinha.rajni13@gmail.com	90310 43040	Krishi Bhawan, M.thapur Patna	Rajni Sinha	sinha.rajni13@gmail.com	903184304 0
29	Bihar Skill Development Mission	Skill Development	ds11.bsdm@gmail.com	98359 19599	A Block, 5th Floor, Near Income Tax Office, Niyojan Bhawan, Patna 800001	Manish Shanker	manishshankerdta@gmail.com	983591959 9
30	Bihar State Hydroelectric Power Corporation Limited	Power	bshpcltd@gmail.com	61222 24069	Bihar State Hydroelectric Power Corporation Limited, Sone Bhawan, 2nd Floor, B.C.P Marg, Patna -800001	Rajeev Ranjan	bshpcltd@gmail.com	953439623 4

अनुलग्नक--2

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में निम्नलिखित विधाओं में बी0टेक पाठ्यक्रम संचालित है :-

Sl. No	Branch Name
1	Civil Engineering
2	Electrical & Electronics Engineering
3	Mechanical Engineering
4	Electrical Engineering
5	Electronics & Communication Engineering
6	Computer Science Engineering
7	Computer Science (AI)
8	Computer Science (Cyber Security)
9	Computer Science (Data Science)
10	Computer Science (IoT & Cyber Security)
11	Computer Science (IoT)
12	Computer Science (AI & ML)
13	Computer Science (Network)
14	Robitics & Automation Engineering
15	Chemical Engineering
16	Electronics Engineering (VLSI Design and Technology)
17	Instrumentation Engineering
18	3-D Animation & Graphics
19	Aeronautical Engineering
20	Civil Engineering with Computer Application
21	Fire Technology & Safety
22	Food Processing & Preservation
23	Information Technology
24	Mechatronics Engineering
25	Mining Engineering
26	Leather Technology
27	Mechanical and Smart Manufacturing
28	Biomedical & Robotic Engineering
29	B. Pharm
30	B. Arch.

बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
संकल्प

विषयः– विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं हेतु इंटर्नशिप नीति में संशोधन।

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत वर्त्तमान में 38 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय संचालित है। इन संस्थानों में सामान्य विधाओं के साथ-साथ नवीनतम एवं उभरते हुए अभियंत्रण पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण अभियंत्रण शिक्षा के साथ ही अकादमिक सत्र को नियमित किए जाने हेतु विभिन्न प्रकार के निर्णय लिये गये हैं। इसी क्रम में बिहार राजकीय अभियंत्रण पाठ्यक्रम के लिए बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विधाओं में पाठ्यक्रमों का अद्यतनीकरण किया गया है एवं इससे संबंधित कार्रवाई नियमित रूप से जारी है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के कौशल उन्नयन एवं उन्हें उद्योग की माँग के अनुरूप योग्य बनाने हेतु विभाग द्वारा बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के स्तर से विभिन्न प्रकार के सकारात्मक हस्तक्षेप किये गये है। अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का न केवल सैद्धांतिक उन्नयन हो, बल्कि प्रायोगिक एवं व्यवहारिक स्तर पर भी उनके कौशल का विकास हो, इस हेतु एक सुविचारित नीति बनाने की आवश्यकता है।

2. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के बी० टेक० पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के कौशल उन्नयन हेतु विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा इंटर्नशिप नीति तैयार की गई है।

3. प्रस्तावित इंटर्नशिप नीति का उद्देश्य राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को अपने विषय का प्रायोगिक ज्ञान बढ़ाने एवं उन्हें सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में नियोजन के प्रायोजनार्थ दक्ष बनाने हेतु इंटर्न के रूप में अवसर प्रदान करना है।

4. राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी० टेक० (चार वर्षीय) पाठ्यक्रम में अध्ययनरत सभी छात्र–छात्रायें इंटर्नशिप नीति के लाभार्थी होंगे। तीसरे एवं पाचवे सेमेस्टर में क्रमशः चार एवं छः सप्ताह के इंटर्नशिप का प्रावधान है, जबकि सातवें सेमेस्टर में 4–6 सप्ताह का इंटर्नशिप भौतिक मोड में आयोजित होता है। सातवें सेमेस्टर के सभी इच्छुक छात्र–छात्राओं को राज्य सरकार की संचालित परियोजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जायेगा। इस हेतु विभाग द्वारा एक ऑनलाईन पोर्टल विकसित किया जायेगा, जिसमें विभागों, निगमों, बोर्ड एवं सोसाइटी इत्यादि में संचालित परियोजनाओं का नाम एवं इंटर्नशिप हेतु छात्र–छात्राओं की संभावित संख्या इत्यादि से संबंधित सूचना रहेगी।

5. बिहार सरकार के अधीन विभिन्न विभागों एवं राज्य सरकार द्वारा सम्पोषित निगम, बोर्ड, सोसाइटी इत्यादि द्वारा वृहद विकासात्मक परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं एवं इससे संबंधित स्थल पर मौका कार्यान्वयन के स्तर पर छात्र/छात्राओं को सम्बद्ध किये जाने से उनके ज्ञान एवं कौशल का विकास होगा, जिससे राज्य में एक दक्ष एवं कुशल तकनीकी मानव–बल तैयार कर सम्पूर्ण राज्य के आर्थिक विकास में भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। विभाग एवं उसके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन निगम/बोर्ड/सोसाइटी, जिनके द्वारा विकासात्मक परियोजनाएँ संचालित है, की परियोजनाओं में इंटर्नशिप की व्यवस्था की जायगी।

6. विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित संस्थानों में ऑफ लाईन इंटर्नशिप करने वाले सभी छात्र/छात्राओं को प्रति छात्र/छात्रा रू० 10,000 (दस हजार रूपये) मात्र की राशि प्रोत्साहन स्वरूप एवं परियोजना तैयार करने हेतु दी जायेगी, जिस पर प्रति वर्ष रू० 14,00,00,000/- (चौदह करोड़ रूपये) मात्र का व्यय अनुमानित है। छात्र/छात्राओं को यह राशि, इंटर्नशिप पूर्ण कर परियोजना प्रतिवेदन सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान स्तर पर गठित कमिटी के मूल्यांकन के पश्चात उनके बैंक खाते में ऑनलाईन हस्तांतरित की जाएगी।

7. विभिन्न विभाग/निगम/बोर्ड/सोसाइटी में संचालित परियोजनाओं के आधार पर प्रत्येक वर्ष इंटर्नशिप हेतु अभियंत्रण पाठ्यक्रम की शाखावार छात्र-छात्राओं की संख्या का निर्धारण विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं संबंधित विभाग/निगम/बोर्ड/सोसाइटी के समन्वय से किया जायगा।

8. प्रत्येक वर्ष योजना की स्वीकृति के अनुरूप वित्त विभागीय संकल्प-3758, दिनांक-23.05.2019 (समय-समय पर संशोधित) द्वारा निर्धारित राशि प्राधिकार द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

9. उक्त राशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2023-24 में माँग संख्या-43 अंतर्गत राज्य स्कीम अधीन के मुख्य शीर्ष -2203 तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष 00- लघु शीर्ष -110 इंजीनियरिंग/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, उप शीर्ष -0101- स्नातक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (विपत्र कोड- 43-2203001120101) के अधीन उपबंधित राशि से किया जायेगा।

10. सम्यक विचारोपरान्त राज्य सरकार ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं हेतु इंटर्नशिप नीति को स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के लिए अनुमोदित इंटर्नशिप नीति अनुलग्नक-01 के रूप में संलग्न है।

11. यह संकल्प मंत्रिपरिषद की दिनांक 26.02.2024 की समिति बैठक में मद संख्या-09 के लिए गये निर्णय के आलोक में वित्तीय सलाहकार की सहमति से जारी किया जाता है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सचिवालय वित्त विभाग एवं तटवर्ती (VI) प्र०-02/2024 के पृ०-15/दि० पर प्राप्त है।

12. पूर्व में निर्गत संकल्प संख्या-721 दिनांक-16.02.2024 को इस हद तक अंशतः संशोधित समझा जाय।

आदेशः- आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(अहमद महमुद)
अपर सचिव
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
बिहार, पटना

A.P.2

323

ज्ञापांक :– वि०प्रा० एवं त० शि० (X) प्र०–02/24 – 5377 /पटना, दिनांक – 5/10/2025

प्रतिलिपि: ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग,बिहार,पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

5/10/25
अपर सचिव
विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– वि०प्रा० एवं त० शि० (X) प्र० 02/24 – 5377 /पटना, दिनांक – 5/10/2025

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार पटना/सचिव, विज्ञान प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/ प्राचार्य/ प्रभारी प्राचार्य, सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/10/25
अपर सचिव
विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– वि०प्रा० एवं त० शि० (X) प्र०–02/24 – 5377 /पटना, दिनांक – 5/10/2025

प्रतिलिपि :– सभी विभाग/विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/10/25
अपर सचिव
विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– वि०प्रा० एवं त० शि० (X) प्र०–02/24 – 5377 /पटना, दिनांक – 5/10/2025

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/10/25
अपर सचिव
विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– वि०प्रा० एवं त० शि० (X) प्र०–02/24 – 5377 /पटना, दिनांक – 5/10/2025

प्रतिलिपि :– अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार पटना को को सूचनार्थ प्रेषित।

5/10/25
अपर सचिव
विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।